अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के छात्रा संभाग के सभागार में इतिहास विभाग के इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा एक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया. इसमें प्रथम स्थान पूजा बी.ए. तृतीय वर्ष ने, द्वितीय स्थान ज्योति रावत बी.ए. तृतीय वर्ष ने और तृतीय स्थान दीपिका सेन बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त दो सान्तवना पुरस्कार डिप्पल बी.ए. तृतीय वर्ष और अंजलि शर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष को दिया गया.

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि इंटेक चैप्टर, फरीदाबाद के संयोजक श्री आनन्द मेहता थे जबकि कार्यक्रमाध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे. क्लब के संयोजक डॉ0 जयपाल सिंह ने इंटेक क्लब की इस सत्र मे आयोजित गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि सभी छात्राओं ने अच्छी प्रस्तुति दी. सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री आनन्द मेहता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. उन्होंने सांतवना पुरस्कार भी दिए और बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी कला, संस्कृति, इतिहास एवं संस्कृतिक धरोहर के बारे में जानकारी मिलती है. महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी. इस कार्यक्रम मे निर्णायक की भूमिका श्रीमती किरण आनन्द अध्यक्ष हिन्दी विभाग ने निभाई और डॉ0 विनीता शर्मा इतिहास विभाग ने मंच का संचालन किया.